卐 श्री सद्गुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 267 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦4 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR
SALE, PURCHASE
RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सूबेदार मेजर के घर डाका

### परिवार को बंधक बनाकर लाखों के जेवर और नगदी लूटी

काशीपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि अपना घर कालोनी में हथियार बंद डकैतों ने एक फौजी के घर धावा बोल कर परिजनों को बंधक बना लिया और घर से लाखों कीमत के सोने चांदी के जेवरात तथा हजारों की नगदी लूट कर ले गये । घटना से कालोनी के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुचे और उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा परिजनों से घटना की विस्तार से जानकारी ली। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। जानकारी के अनुसार अपना घर सोसाईटी निवासी सूबेदार मेजर मातवर सिंह गोसांई अपने परिवार के साथ सोये हुए थे। उन्होंने बताया कि मध्य रात्रि करीब 1 बजे तीन डकैत उसके घर के भीतर आ घुसे और उन्होंने धमकाते हुए परिवार के सदस्यों को बंधक बना लिया। जिसके बाद (शेष पृष्ठ 7 पर)



## सीबीआई कोर्ट में पेश हुए पूर्व सीएम पूर्व मंत्री और विधायक के अधिवक्ता

देहरादून(उद संवाददाता)।स्टिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत और विधायक मदन बिष्ट के अधिवक्ता मंगलवार को सीबीआई कोर्ट में पेश हुए। इस दौरान सीबीआइ स्पेशल जज धर्मेंद्र सिंह अधिकारी की कोर्ट ने 15 जुलाई तारीख तय की। अब वॉइस सेंपल को लेकर 15 जुलाई को सभी को अपना जवाब देना होगा। वॉइस सेंपल लेने के लिए विधायक उमेश शर्मा, मदन बिष्ट, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत को सीबीआइ ने नोटिस भेजा था। कोर्ट के समन में स्वयं या अधिवक्ता के पेश होने के आदेश जारी हुए थे। इस बहुचर्चित स्टिंग प्रकरण में सीबीआई स्पेशल जज धर्मेंद्र सिंह अधिकारी की कोर्ट में आज पूर्व सीएम हरीश रावत समेत तीन नेताओं के अधिवक्ता पेश हुए। इस दौरान विधायक उमेश कुमार के अधिवक्ता कोर्ट में पेश नहीं हुए। जिसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 15 जुलाई की अगली तारीख तय की है। सभी को 15 जुलाई को अपना जवाब दाखिल करना होगा। बता दें वर्ष 2016 में हरीश रावत के मुख्यमंत्री रहते हुए उनका एक स्टिंग करने का दावा उमेश कुमार ने किया था। इसके बाद राज्य की राजनीति में भूचाल आ गया था। इसी दौरान एक और (शेष पृष्ठ सात पर)

# नौकरशाही के आगे नतमस्तक 'धाकड़ धामी'


### एक जूनियर आईएएस अफसर की मान मनौव्वल को मजबूर हुई सरकार, उक्त आईएएस अफसर के हाथ में सरकार की कोई कमजोर नस तो नहीं?

■ अर्श

देहरादून। सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने एवं लव जिहाद पर लगाम लगाने की गरज से, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा हाल ही में अपनाए गए बेहद सख्त एवं आक्रामक रुख के चलते आजकल उन्हें सूबे में 'धाकड़ धामी' भी कहा जाने लगा है। मगर हाल ही में उत्तराखंड की राजधानी देहरादून मे हुए एक दिलचस्प घटनाक्रम के बाद तो ऐसा लगने लगा है, जैसे राज्य के मुख्यमंत्री की आक्रामकता एवं सख्ती केवल और केवल उत्तराखंड के आम लोगों पर ही टूटती है ,राज्य की बेलगाम नौकरशाही पर 'धाकड़ धामी' का कोई जोर नहीं है ।



बताना होगा कि अभी कुछ रोज पहले ही उत्तराखंड सरकार ने सूबे के तमाम आईएएस अफसरों को इधर से उधर किया है। राज्य सरकार की इस ट्रांसफर प्रक्रिया में मनमाफिक पोस्टिंग ना मिल पाने के कारण एक जूनियर आईएएस अफसर सौरभ गहरवार इतने कुपित हुए कि उन्होंने अपने इस्तीफे की धमकी तक दे डाली।




फिर क्या था ? सरकार के हाथ पांव फूल गए और मुख्यमंत्री के सचिव विनय शंकर पांडे और एक अन्य आईएएस अफसर तत्काल को इस जूनियर अफसर को मनाने के लिए टिहरी भेजा गया। खबर है कि इस आईएएस अफसर को समझाने के लिए सूबे के एक कबीना मंत्री को भी लगाया गया। नतीजतन तमाम मान मनौव्वल एवं तेल- पालिश के बाद जाकर कहीं उक्त आईएएस अफसर टिहरी की बजाए रुद्रप्रयाग का जिलाधिकारी बनने पर राजी हुए। हालांकि मान मनोबल का यह हाई वोल्टेज ड्रामा कुछ ही घंटों में समाप्त हो गया, लेकिन इस सारे घटनाक्रम ने उत्तराखंड सरकार के नौकरशाही पर नियंत्रण को लेकर एक सवालिया निशान तो खड़ा कर ही दिया है, साथ ही लोग चुटकियां लेते हुए यह भी कहने लगे हैं कि समझ में नहीं आता कि 'धाकड़ धामी' नौकरशाही को गाइड कर रहे हैं या नौकरशाही 'धाकड़ धामी' को गाइड कर रही है। यहां पर यह बताना आवश्यक है कि उत्तराखंड में बेलगाम नौकरशाहों के मनमानी पूर्ण कारनामे जब तब सामने आते ही रहते हैं और कभी-कभी तो सूबे के नौकरशाह धामी मंत्रिमंडल के सदस्यों के आदेश की नाफरमानी तक कर देते हैं । कदाचित यही कारण है कि कुछ मौके पर राज्य के कुछ कबीना मंत्री मुख्यमंत्री से यह तक कहते हुए सुने गए हैं कि नौकरशाहों की एसीआई लिखने का अधिकार मंत्रियों को मिलना चाहिए। धामी सरकार में नंबर दो की हैसियत रखने वाले सतपाल महाराज तो यह मांग एक (शेष पृष्ठ सात पर)

## कलयुगी पिता ने नाबालिग बेटी के साथ किया दुष्कर्म

हरिद्वार(उद ब्यूरो)। कलयुगी पिता ने बेटी के रिश्ते की मर्यादाओं को तार-तार करते हुए नाबालिग बेटी की अस्मत लूट ली। आरोपी पिता कई महीनों से दुष्कर्म कर रहा था। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार एक महिला ने बहादराबाद थाना पहुंचकर एसओ को पूरी कहानी बताई। महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका पति नशे का आदी है। वह अपनी नाबालिग पुत्री के साथ पिछले दो-तीन महीनों से लगातार दुष्कर्म करता रहा। काफी दिन से बेटी को गुमसुम देखकर उसे शक हुआ। काफी पूछने पर बेटी ने आपबीती बताई तो उसके होश उड़ गये। आरोप है कि कलयुगी पिता कई महीने से बेटी को मुंह बंद रखने का दबाव डाल रहा था। जिसके चलते नाबालिग लड़की डरी सहमी हुई थी। पुलिस ने मामले में पॉक्सो, दुष्कर्म व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के कुछ घंटे बाद ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया है। सीओ ज्वालापुर निहारिका सेमवाल ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल कराते हुए कोर्ट में उसके बयान दर्ज कराए जाएंगे।

## मकान बेचने के नाम पर ज्वैलर्स से लाखों की ठगी

हल्द्वानी (हल्द्वानी)। शातिर दिमाग की एक लड़की ने परिजनों से मिलकर अपनी मां के नाम मकान को बेचने के नाम पर एक ज्वेलर्स से लाखों रुपए की धोखाधड़ी कर ली और मकान में ताले लगाकर फरार हो गई। पीड़ित दुकानदार ने मामले की रपट दर्ज करा दी है। दर्ज रपट में लाइन नंबर 8, बनभूलपुरा में नित्या ज्वैलर्स नाम से दुकान चलाने वाले शिव मंदिर नवाबी रोड निवासी सुमित वर्मा ने कहा है कि गली नंबर 4, रामपुर रोड निवासी पूजा जग्गी पुत्री पूरन लाल जग्गी उसके प्रतिष्ठान में आभूषण खरीदने पिछले काफी समय से आती रही है। उसका कहना है इस बीच वह जेवरात घर ले जाती और उसकी रकम की अदायगी कर जाती थी। इस बीच पूजा जग्गी पर उसका 9.68 लाख बकाया हो गया। पैसे मांगने पर कहा कि उसकी मां शशि देवी के नाम पर दर्ज इस मकान की रजिस्ट्री वह उसके नाम कर देंगे। इसके कुछ दिन बाद जब उसने पूजा से संपर्क साधने का प्रयास किया तो मोबाइल नंबर बंद मिला। जब उसने उसके घर जाकर देखा तो वहां ताले लगे हुए मिले। पड़ोसियों से पता चला कि पूजा अपने परिवारजनों के साथ मिलकर मकान बेचने के नाम पर कई लोगों से ठगी कर चुकी है। इस मामले में पूर्व में भी उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज है। अब पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। ही उसने कहा कि वह जेवरातों की बकाया राशि भी मकान की रकम में से जमा कर देगी। इस बीच जमीन के कागजात देकर वह पचास हजार के आभूषण और ले गई। साथ ही यह कहा कि उसकी मां शशि देवी के नाम पर दर्ज इस मकान की रजिस्ट्री वह उसके नाम कर देंगे। इसके कुछ दिन बाद जब उसने पूजा से संपर्क साधने का प्रयास किया तो मोबाइल नंबर बंद मिला।जब उसने उसके घर जाकर देखा तो वहां ताले लगे हुए मिले। पड़ोसियों से पता चला कि पूजा अपने परिवारजनों (शेष पृष्ठ सात पर)

## आतंक का पर्याय बना बाघ पिंजरे में कैद

कोटद्वार(उद संवाददाता)। रिखणीखाल विकासखंड में आतंक का पर्याय बने दूसरे बाघ को भी पकड़ लिया गया है। जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। एक बाघ को 26 अप्रैल को ट्रेंकुलाइज कर लिया गया था। तब से उसका साथी दूसरा बाघ इस क्षेत्र में लगातार घूम रहा था। जिससे लोगों में दहशत का माहौल था। डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरुद्ध ने बताया कि सोमवार को वन कर्मियों की टीम बाघ को ट्रैंकुलाइज करने के लिए तैनात की गई थी। जिसके बाद देर रात गाड़ियों पुल के पास बाघ को ट्रेंकुलाइज कर लिया गया। अब टीम ने उसे कॉर्बेट पार्क भेज दिया गया है।

## अनजान युवती ने वीडियो कॉल कर बनाया हनीट्रैप का शिकार, लाखों वसूले

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मोबाईल का उपयोग लाभकारी होने के साथ ही तमाम लोगों के लिए परेशानी का सबब भी बन चुका है। जहाँ एक तरफ लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी कि जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ कुछ लोगों द्वारा व्हाट्स अप पर वीडियोकॉल कर के लोगों की अश्लील वीडियो बना उन्हें ब्लैकमेल किया जा रहा है। एक घटना में अनजान युवती द्वारा वीडियो कॉल करने के बाद एक व्यक्ति को अश्लील वीडियो वायरल करने के नाम पर उससे लाखों की ब्लैकमेलिंग करने का मामला सामने आया है। अब पांच लाख रुपए की डिमांड करने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।काठगोदाम थाना पुलिस को सौंपी तहरीर में गौलापार में रहने वाले एक व्यक्ति ने कहा उसे 26 जून को व्हाट्सअप पर एक अनजान युवती ने वीडियो कॉल किया। इसके बाद उसे दूसरे नंबर से फोन किया गया कि उसका वीडियो यूट्यूब पर वायरल हो रहा है। साथ ही उसे यूट्यूब कार्यालय का मोबाइल नंबर भी दिया गया। पीड़ित का कहना है जब उसने उस नंबर पर संपर्क किया तो कहा गया कि वह 1.85 लाख की रकम ट्रांसफर करें। उसके बाद वीडियो हटा दिया जाएगा। इस पर उसने उक्त रकम फोन करने वाले शख्स के नंबर पर भेज दी। इसके बाद उसे अब अलग-अलग नंबरों से फोन कर यह कहकर डराया जा रहा है कि जिस लड़की का वीडियो (शेष पृष्ठ सात पर)

## बारिश से गिरा मकान, बाल & बाल बचा परिवार

देहरादून(उद संवाददाता)। विकासनगर में बारिश ने जमकर कहर बरपाया है। ग्राम कुंजा में देर रात बारिश के कारण एक मकान भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि इस दौरान हादसे में परिवार बाल-बाल बच गया। मंगलवार की तड़के करीब साढ़े चार बजे अकबर पुत्र असगर निवासी ग्राम कुंजा ग्रांट अपनी पत्नी आश्मीन व 10 वर्षीय पुत्र समद के साथ घर के भीतर सो रहे थे। तभी गांव के बीच से होकर जाने वाली आसन नदी के पास एक बरसाती नाले के बहाव का रुख उनके घर की तरफ मुड़ गया। सैलाब ने कुछ ही मिनटों में पानी ने पूरे घर को तहस-नहस कर दिया। घटना से घबराए परिजन उठ कर बाहर भागे। संयोग रहा कि मकान गिरने से पहले ही सभी सदस्य घर के बाहर आ गए थे। नाले के पानी से कुंजा ग्रांट में कई घरों को नुकसान पहुंचा है। कई घरों में पानी भरने से भारी नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि गांव में चार कच्चे मकान में से दो गिर गए हैं। वहीं, दो घरों में पानी भरने से नुकसान हुआ है। (शेष पृष्ठ सात पर)



# 16 से चलेगा बृहद वृक्षारोपण अभियान: डॉ आशुतोष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत वर्षों की तरह इस बार भी बृहद स्तर पर फलों, औषधियों के पेड़ लगाए जाने हैं। आयुर्वेद चिकित्सक व पर्यावरण कार्यकर्ता डा. आशुतोष पंत ने बताया कि हर वर्ष 20 हजार पेड़ लगाए जाते रहे हैं। अब तक 3 लाख 73 हजार पेड़ लगाए जा चुके हैं। इस बार से वह अपना लक्ष्य बढ़ा रहे हैं ताकि इस साल कुल संख्या 4 लाख तक हो जाय। उन्होंने कहा कि अब वह सेवानिवृत्त हो गये हैं । अब समय की बाध्यता भी नहीं है। उद्देश्य है कि लंबी आयु वाले पेड़ लगाए जाएं ताकि पर्यावरण संरक्षण में मदद मिले। अच्छी प्रजाति के आंवला, अमरूद, सहजन, नींबू, कटहल, तेजपत्र , शरीफा, करोंदा, नीम, रीठा, जामुन आदि



के पौधे 16 जुलाई से 15 सितंबर तक लगाए जाएंगे। जो भी महानुभाव अपनी जमीन पर ये पौधे लगाना चाहें वह उनसे नि:शुल्क प्राप्त कर सकते हैं। कोई शैक्षणिक संस्था या अन्य संस्था भी लगाना चाहें तो संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने सभी से निवेदन किया है कि केवल वही लोग पौधे लगाएं जो उनकी देखभाल कर सकते हों। कई लोग पौध लगाकर,फोटो खिंचवाने के बाद उन्हें भूल ही जाते हैं। यह पेड़ पौधों की हत्या है। यदि कोई ग्राम प्रधान या समाज सेवी अपने क्षेत्र में पौध भेंट कार्यक्रम आयोजित करना चाहें तो संपर्क कर सकते हैं। दूरस्थ क्षेत्रों में भी कार्यक्रम आयोजित हो सकते हैं। वैसे उनकी प्राथमिकता हल्द्वानी या रुद्रपुर शहर के 10-15 किलोमीटर के क्षेत्र में कार्यक्रम करना रहती है क्योंकि ज्यादा दूर ले जाने में पौधों के परिवहन में समस्या होती है। डा. पंत ने बताया कि यह कार्यक्रम किसी एनजीओ से या किसी सरकारी संस्था से जुड़ा नहीं है। जो भी छोटा सा प्रयास वह कर पा रहे हैं अपने निजी संसाधनों से कर रहे हैं। पर्यावरण प्रेमी, मित्र और शुभचिंतक के सहयोग से ही यह सम्भव हो पा रहा है।

# गन्ना मूल्य में दस रूपये बढ़ोत्तरी किसानों से धोखा: तजेन्द्र विर्क

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देश के गन्ना किसानों को केंद्र सरकार से उस वक्त झटका लगा जब गन्ना मूल्य में मात्र 10 रूपये प्रति कुन्तल की बढ़ौतरी की गई। यह किसानों के साथ धोखा है। तराई किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तजिन्दर सिंह विर्क ने एक बयान में कहा कि आज डीएपी की कीमत 1450 रुपये है। बिजली के दाम बढ़ गये हैं. पिछले तीन वर्षों में जुताई की लागत दोगुनी हो गई है, लेकिन गन्ने की कीमत में केवल 10 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में रिकवरी दर 8.5 प्रतिशत से बढ़कर 10.5 प्रतिशत हो गई है। इस उठान से मिल मालिक पूरी तरह से लाभान्वित हो रहे हैं जबकि किसानों को समय पर भुगतान तक भी नहीं मिलता है और उनके हित की अनदेखी की जा रही है। फिर भी सरकार खुद को किसानों का हितैषी होने का झूठा दावा करती है। उन्होंने कहा महंगाई सभी के लिए बढ़ी है इसलिए किसान को उसी हिसाब से रेट मिलना चाहिए। किसानों का आरोप है कि सरकार उन्हें उनकी लागत के अनुरूप कीमत नहीं दे रही है। उर्जा प्रदेश होने के बाद भी बिजली दरें प्रदेश में सबसे ज्यादा हैं जबकि अन्य राज्यों में किसानों सिंचाई की बिजली मुफ्त दी जा रही है। विर्क ने कहा राज्य की चीनी मिलों पर किसानों का करोड़ों से अधिक का बकाया है। किसानों की पिछले कई वर्षों निरन्तर माँग रही कि सरकार गन्ना का भाव 500 प्रति कुन्तल घोषित करे। उन्होंने कहा सरकार अपने चुनावी वादे के मुताबिक गन्ना का मूल्य 500 रूपये प्रति कुन्तल से अधिक कर 14 दिन में भुगतान करे।

# डीएम ने किया सोमेश्वर और द्वाराहाट तहसील का निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी विनीत तोमर ने तहसील सोमेश्वर तथा तहसील द्वाराहाट का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम तहसील सोमेश्वर पहुंचकर तहसील से संबंधित पटवारी क्षेत्र, पटवारी चौकी, ग्राम पंचायत, राजस्व ग्राम जैसी विभिन्न जानकारियां प्राप्त की। इस दौरान तहसीलदार खुशबू पांडे ने जिलाधिकारी को इस संबंध में अवगत कराया इसके बाद जिलाधिकारी ने तहसील के पटलों का निरीक्षण किया इस दौरान जिलाधिकारी ने तहसीलदार को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं बनी रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि कोर्ट केसों का समयबद्ध निस्तारण करें तथा इसकी नियमित रिपोर्ट जिला कार्यालय को प्रेषित की जाए इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपदा के दृष्टिगत आपदा कंट्रोल रूम 24 घंटे चालू रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि मानसून सीजन में विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निष्प्रयोज्य



हो चुकी सामग्री का निस्तारण भी जल्द किया जाएइसके पश्चातजिलाधिकारी ने तहसील द्वाराहाट का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने तहसीलदार लीना चंद्रा को निर्देश दिए मानसून सीजन के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने के साथ ही आपदा कंट्रोल रूम को 24 घंटे चालू रखा जाए। साथ ही विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए इसके पश्चात जिलाधिकारी ने ब्लॉक कार्ययालय द्वाराहाट का निरीक्षण भी किया । यहां खंड विकास अधिकारी संतोष जेठी द्वारा विभिन्न जानकारियां जिलाधिकारी को दी गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सरकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को समयबद्धता के साथ दिलाया जाएउन्होंने कहा कि मनरेगा के कार्यों में भी तेजी से कार्य किया जाए। साथ ही निर्देश दिए कि बीडीसी की बैठकें भी रोस्टर के अनुसार नियमित कराई जाए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि समय समय पर पंचायत सचिवों एवं ग्राम विकास अधिकारियों के कार्यों की भी समीक्षा की जाए।

# नगर निगम के फरमान के खिलाफ व्यापारियों ने मेयर को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा व महामंत्री मनोज जायसवाल के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने व्यापारी उत्पीड़न संदर्भ में महापौर डॉक्टर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष योगेश शर्मा व महामंत्री मनोज जायसवाल ने कहा शहर में दोहरे कानून नहीं चलेंगे। उन्होंने कहा आज व्यापारियों की अपनी आजीविका चलाना सबसे कठिन परिस्थितियों जूझ रहा है। समय समय पर निगम द्वारा नए- नए नए फरमान लाकर जनता और व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। खाली तंबाकू, सिगरेट, पान मसाला बेचकर एक गरीब परिवार अपनी आजीविका नहीं चला सकता इसके साथ वह अन्य पदार्थ भी टॉफी, बिस्कुट, नमकीन, पानी वगैरह बेचकर अपनी आजीविका चलाता है।



जिससे अपने घर का पालन पोषण कर लेता है। उन्होंने कहा एक राज्य एक कानून एक देश एक कानून होना चाहिए।नगर निगम महापौर के आश्वासन के बाद व्यापारियों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया। ज्ञापन देने वालों में संदीप सक्सेना, पवन सागर, मुन्ना लाल,प्रमोद कुमार, शिव कपूर, संदीप गुप्ता, अंकुर गुप्ता गोल्डी, विनय जोशी, आकाश बेलवाल, पारस चौहान, किशोर गुप्ता, ओम प्रकाश श्रीवास्तव व अतुल गुप्ता आदि लोग शामिल थे।

# अग्रसेन हास्पीटल में ईएनटी विभाग शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन हास्पीटल में नाक, कान व गला विभाग 3 जुलाई से प्रारम्भ कर दिया गया है। जिसका शुभारम्भ हास्पीटल के अध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल, महामंत्री नरेश कुमार अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष अजय कुमार



अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विभाग में हिमालयन हास्पीटल व जॉली ग्रांट देहरादून में अपनी सेवाएं दे चुके एमबीबीएस एमएस ईएनटी सर्जन डा. किरण जे खोब्रागडे ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। ओपीडी का समय प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक है।

# डीएम ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने स्यालीधार स्थित ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ किया। इस दौरान उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्ट्रॉन्ग रूम में रखी ईवीएम मशीनों का निरीक्षण किया।



इस दौरान सभी मशीनों की गणना भी की गई तथा स्ट्रॉन्ग रूम की समस्त व्यवस्थाओं को चेक किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधितों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखा जाए तथा सुरक्षा के सभी मानकों का पालन किया जाएइस दौरान जिलाध्यक्ष कांग्रेस भूपेंद्र सिंह भोज, जिलाध्यक्ष बीएसपी अशोक कुमार समेत अन्य दलों के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रम्पुरा में पकड़ा शराब तस्कर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली अन्तर्गत रम्पुरा चौकी क्षेत्र अवैध शराब कारोबारियों का अड्डा बन चुका है। यहां आये दिन अवैध शराब के साथ तस्करों को पुलिस द्वारा पकड़ा जा रहा है। परंतु अवैध शराब की बिक्री तथा इसकी आमद पर रोक लगाने में पुलिस पूरी तरह से नाकाम साबित हो गई है। गत दिवस पुलिस ने फिर एक शराब तस्कर को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार कांस्टेबल अमित जोशी व महेंद्र कुमार रम्पुरा क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। केदारनी चौक के पास काली मंदिर वाली गली में भीड़ दिखायी देने पर वह मौके पर गये तो भीड़ वहां से जाने लगी। इसी



बीच भीड़ में से एक व्यक्ति एक कट्टा उठाकर काली मंदिर की तरफ भागा । तो शक होने पर पुलिस कर्मियों ने उसका पीछा कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता प्रेम शंकर पुत्र हरि ओम निवासी रम्पुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद कट्टे से कुल 48 पाउच अवैध शराब के बरामद हुए। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर प्रेमशंकर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# बार एसोसिएशन की सचिव सुशीला मेहता की माता का निधन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला बार एसोसिएशन उधमसिंहनगर की सचिव श्रीमती सुशीला मेहता की माता जी और नगर की प्रमुख समाज सेविका श्रीमती मीना मेहता का आज सुबह इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया उनके निधन पर बार सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकतन्त्र सेनानी एडवोकेट सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने कहा कि श्रीमती मीना मेहता रुद्रपुर नगर की प्रमुख शख्सियत थी तथा एक धर्मपरायण स्त्री थी वे नगर की प्रमुख सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़ी हुई थी उनकी सेवाएं नगर निवासियों को हमेशा याद रहेंगी बार के पूर्व अध्यक्ष



एडवोकेट आर पी सिंह तथा खड़गसिंह विर्क ने कहा कि परिवार अभी उनके पुत्र आकाश मेहता के निधन के दुख से उबरा नहीं था कि परिवार पर एक और असहनीय दु:ख आ गया। श्रद्धांजलि सभा मे बार के पूर्व कोषाध्यक्ष कमल चिलाना,गुरुबाज सिंह नारंग,सुरभि आहूजा,विकास तिवारी ओमैक्स सोसायटी सचिव एडवोकेट अभिनव छाबड़ा ,प्रियंका शर्मा ,होमी कुरेशी,सुगम गगनेजा,सोमिल घीक, सुरेन्द्र नरूला, कुलदेवमिश्रा, संजीव फौगाट, अनिल छाबड़ा, गौरव बिष्ट,जग्गू बिष्ट, गौरव मिड्ढा,प्रियंका चिलाना मिड्ढा, रवि अरोडा ,राजीव ग्रोवर, बंटी ग्रोवर बरीत सिंह, लक्ष्मी नारायण पटवा,वीरेंद्र गोस्वामी, जुगल बल्लभ गोस्वामी, दयानन्द जायसवाल,पीयूष छाबड़ा , सागर अरोड़ा, तथा उत्तराखण्ड बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष हरीश नेगी समेत तमाम अधिवक्ता उपस्थित थे। अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर स्वर्गीय मीना मेहता की आत्मिक शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना की।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर एसआई ओम प्रकाश सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्कृष्ट कार्य करने पर 19 पुलिस अधिकारियों को एसएसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उसमें एक नाम गदरपुर थाने के महतोष चौकी प्रभारी ओमप्रकाश का भी है। जिनकी कार्य कुशलता से कई संगीन मामलों का खुलासा किया जा चुका है। जिसमें एक मामला थाना दिनेशपुर से गुमशुदा युवक प्रेम सिंह था जिसमें कड़ी मशक्कत के बाद प्रेम सिंह की दोस्तों के द्वारा की गई हत्या मामले के खुलासे में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसएससी डॉ मंजूनाथ टीसी ने चिंहित किए गए सभी पुलिस अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनकी हौसला अफजाई की। सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारियों में एक नाम गदरपुर थाने में तैनात एसआई ओमप्रकाश का भी है। जिन्हें उत्कृष्ट कार्य करने पर पूर्व में भी कई बार सम्मानित किया जा चुका है।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# गुरु पूर्णिमा पर स्वामी धर्मदेव जी से लिया आशीर्वाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर भूरारानी में गुरु पूर्णिमा उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी का तिलक कर उनकी आरती उतारी और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज ने सुबह श्रद्धालुओं को नाम दीक्षा दी उसके पश्चात प्रवचन करते हुए उन्होंने कहा कि समाज में कभी भी जिसकी भी भलाई करो उसे भूल जाना चाहिए। किसी की भी भलाई करते समय यह नहीं सोचना चाहिए कि वह भलाई के बदले हमें कुछ देगा। अगर ऐसा सोचते हैं तो वह ठीक नहीं है। नेकी कर कुएं में डाल इस सूत्रवाक्य को जिंदगी में अपनाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं का मार्ग दर्शन करते हुए कहा कि हमेशा किसी का भी बुरा करने की नहीं सोचना चाहिए क्योंकि कर्म और फल देना यह ऊपरवाले के हाथ में है। स्वामी धर्मदेव जी महाराज जी ने



कहा कि अगर हम गुरु के बताए हुए रास्ते पर चलेंगे तभी गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाने का फायदा है। नहीं तो हम गुरु के सामने तो हांजी हांजी करें और जिंदगी में उनकी शिक्षाओं आत्मसात न करें तो उसका कोई भी लाभ नहीं। उन्होंने कहा कि गुरु के बिना मनुष्य के जीवन का कोई अर्थ नहीं है। हर व्यक्ति का किसी भी कार्य का गुरु अवश्य होता है। हर गुरु का हमेशा आदर सम्मान करना चाहिए। जो व्यक्ति दूसरों को गलत मार्ग पर चलने को प्रेरित करता हो, दूसरों का अहित चाहता हो, धर्म जाति के नाम पर समाज में लोगों को आपस में लड़वाता हो, बुराईयों व कुरीतियों को प्रोत्साहित करता हो कभी भी वास्तविक गुरु नहीं हो सकता। ऐसा व्यक्ति को मानव के वेष में समाज के लिए कलंक कहना ही उचित होगा। सच्चा गुरु वही होता है जो दूसरों को सद्कर्म करने, आपस में मिलकर रहने, जरूरतमंदों की मदद करने, माता पिता, गुरुजनों, बुजुर्गो, संत, महापुरुषों का सम्मान करने की शिक्षा देता हो। उन्होंने कहा कि जिन श्रद्धालुओं द्वारा नामदान लिया गया है वह प्रतिदिन गुरु के नाम का सिमरन अवश्य किया करें। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य उर्मिला रानी चुघ, वरिष्ठ भाजपा नेता, उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष व समाजसेवी भारत भूषण चुघ, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश गांधी, कोषाध्यक्ष विजय अरोरा, गोविंद ग्रोवर, मनोज अरोरा, रामलाल कटारिया, रामकिशन खेड़ा, रमेश अरोरा, जगन गांधी, चंद्र प्रकाश चुघ, सुरेश छाबड़ा, अंकुर बत्रा, रोशन कालड़ा, चंद्रप्रकाश अरोरा, महिंद्र ढींगरा, अमित खत्री, दीपू ढींगरा, ज्योति ढींगरा, उषा गांधी, कौशल्या कटारिया, संतोष चुघ, पुष्पा हजरती, मधु कालड़ा आदि मौजूद थे। उत्सव का संचालन दीपक कटारिया ने किया।

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार


रामनगर(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने एक बाइक चोरी के मामले में दो बाइक चोरों को चोरी की हुई बाइक के साथ गिरफ्तार कर उन्हें कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की। घटना के संबंध में कोतवाली के एसएसआई अनीस अहमद ने बताया कि सोमवार की रात डेयरी फार्म फौजी कॉलोनी से एक बाइक चोरी होने की सूचना पुलिस को मिली थी उन्होंने बताया कि इस मामले में बाइक स्वामी



थाना असमोली जिला संभल उत्तर प्रदेश निवासी नीटू की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था वहीं उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक स्वामी व अन्य लोगों की मदद से घटनास्थल से कुछ दूरी पर ही चोरी की गई बाइक के साथ बृजेश चौहान निवासी थाना बौडी जिला बहराइच उत्तर प्रदेश एवं ग्राम पूछडी निवासी समीर को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है तथा पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# गुरू पूर्णिमा पर गुरु माता मिथिलेश जी से सैकड़ों भक्तों ने लिया आशीर्वाद





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ओम दरबार मंदिर सहारनपुर दरबार में गद्दी नशीन गुरु माता मिथिलेश जी के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान रुद्रपुर, गदरपुर, किच्छा काशीपुर, हरिद्वार,देहरादून सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे भक्तों ने गुरु जी का तिलक और माल्यार्पण के साथ गुरु वंदना करते हुए आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर बंशीधर गुंबर, राजकुमार सीकरी, मदन गुंबर, विनोद हुड़िया,कश्मीर लाल हुड़िया किशन अनेजा, सतीश दुबे, सुरेंद्र सिंह, राजकिशोर गाबा, राजकिशन बजाज, विजय नारंग,अनिल गिरधर,अनिल अछेडिया, शैंदी दुआ, गुलशन मुरारिया, मनोज मुंजाल सुमित छाबड़ा और विनय अरोड़ा सहित सैकड़ों गुरु भक्त थे।

# इंदिरा बंगाली कालोनी में सीसी मार्ग का लोकार्पण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक निधि से वार्ड नं 35 इंद्रा बंगाली कॉलोनी में सीसी रोड के निर्माण कार्य का विधायक शिव अरोरा की मौजूदगी में वरिष्ठ नेता गणेश रॉय व बूथ अध्यक्ष अशोक रॉय ने नारियल फोड़कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और अगर वह विधायक है तो इन कार्यकताओ की ताकत पर हैं। इसलिए रोड का लोकार्पण भी बूथ के अध्यक्ष से करवाया करवाया गया है। उन्होंने कहा कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है। विधायक कहा कि विधानसभा में लगातार



विकास कार्य हो रहे हैं और बंगाली कालोनी भारतीय जनता पार्टी का गढ़ है। यह सदैव भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिलता आ रहा है।आने वाले 2024 के चुनाव में यहाँ की जनता का आशीर्वाद पुनः भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा।विधायक ने कहा विकास कार्यो में कोई कमी नही आने दी जाएगीइस दौरान पार्षद पति विनय विश्वास, महामंत्री राधेश शर्मा, गणेश राय, तपन मजूमदार, असीमानंद गोहा, मयंक कक्कड़, बिट्टू चौहान,विकास सागर, मनोज मदान, संजय हलदार,राज परगाई, सपन मण्डल, गोविंद , सुनील सागर, डंम्पी चोपड़ा, परमजीत ,सोनू वर्मा आलोक शील, अशोक नेगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुण्य तिथि पर स्वामी विवेकानंद को किया नमन

शांतिपुरी (उद संवाददाता)।राजकीय इंटर कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर मूर्ति में माला पहनाकर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर डॉ गणेश उपाध्याय पूर्व दर्जा राज्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का नारा था उठो ,आगे बढ़ो तब तक चलते हो जब तक आप लक्ष्य की प्राप्ति नहीं करते। उन्होंने इतनी कम उम्र में भारतीय ही नही, अंतरराष्ट्रीय स्तर में भारत का नाम रोशन किया। उनकी प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनके बताए हुए आदर्शों हम



आत्मसात करें। निश्चित तौर पर हमेशा चाहे विद्यार्थी हो चाहे मनुष्य हो कभी भी अपने पथ से विचलित नहीं हो सकता हैं। प्रधानाचार्य श्री एनबी चंद जी द्वारा विस्तार से स्वामी विवेकानंद जी के बारे में प्रकाश डालकर कहा कि हमें वास्तव में उनके आचरण आदर्शों पर चलना चाहिए। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य डॉ बीसी भट्ट, एनपी सिंह , एनसी भट्ट, आनंद चौहान, अनिल कुमार ,अमरीश पटेल, सीडी कांडपाल ,राजेंद्र पंत, सुनील श्रीवास्तव, फकीर चंद, प्रकाश रावत ,गोविंद लाल आगरी, श्रीमती रानी बसेरा, निहारिका पांडेय, मंजुला कालरा, प्रभा राणा ,उमेश पांडे, भरत सिंह आदि विद्वान गुरुजनों के साथ विद्यार्थी जन ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# गदरपुर पालिका बोर्ड की बैठक को लेकर असमंजस

[redacted]

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर पालिका परिषद के सभासदों द्वारा गत 30 जून को एक पत्र के माध्यम से बोर्ड की बैठक बुलाए जाने के लिए निवेदन किए जाने के बावजूद पालिका परिषद द्वारा बैठक आयोजित किए जाने के लिए अभी तक कोई जवाब नहीं दिया है। सभासदों का कहना है कि आगामी बरसात के मौसम में हैजा, मलेरिया, डायरिया आदि की रोकथाम के लिए बोर्ड बैठक का बुलाया जाना अति आवश्यक है। सभासदों का कहना था कि 1 जुलाई को भी एक पत्र के द्वारा अवगत कराया गया जिसमें सफाई व्यवस्था एवं अन्य कार्यों का विवरण देते हुए बोर्ड बैठक बुलाए जाना उचित बताया गया , लेकिन समस्त सभासदों में समस्याओं के निराकरण न होने पर आक्रोश बना हुआ है। कहा कि नगरपालिका अधिनियम 1916 की धारा 88,89,35,36 एवं 37 के तहत दी गई शक्ति का प्रयोग करते हुए 5 जुलाई को नगर पालिका परिषद गदरपुर कार्यालय में 11बजे बोर्ड की बैठक संपादित कराई जानी है जिसमें पहुंचने के लिए नगर पालिकाध्यक्ष को भी आमंत्रित किया गया है। उनका कहना था कि यदि पालिकाध्यक्ष उस बैठक में उपस्थित नहीं रहते हैं तो धारा 89 के तहत बोर्ड बैठक में उपस्थित सभासदों में से किसी एक को अध्यक्ष चुनते हुए बोर्ड बैठक संपादित करा ली जाएगी ।जिसमें पूर्व में कराई गई बोर्ड बैठक का अनुमोदन एवं भारी वर्षा को देखते हुए एवं घर-घर से कूड़ा उठाने में तथा समस्त वार्डों में साफ-सफाई के अलावा कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव व अन्य नगर पालिका परिषद गदरपुर द्वारा कराए जाने वाले निर्माण कार्य में प्रस्तावों को सम्मिलित करते हुए निस्तारण कर दिया जाएगा। इस दौरान प्रस्ताव की प्रतियां सभासदों द्वारा कुमाऊं कमिश्नर नैनीताल, जिलाधिकारी ,उप जिलाधिकारी ,अधिशासी अधिकारी, थानाध्यक्ष को भेज दी है। सभासदों में अमरजीत सिंह,रोहित सुदामा, जुनेद अंसारी,परमजीत पम्मा, मनोज गुंबर,संदीप बत्रा,विनीता रानी,मीनाक्षी श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

# जन संपर्क कर भाजपा की नीतियां व योजनाएं बताई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन के नेतृत्व में इंदिरा नगर वार्ड नंबर 28, 29, 30,31, 32 और 33 में जनसंपर्क किया गया। जन जन तक भारतीय जनता पार्टी की नीतियां और लाभार्थी योजनाओं का आम जनता को किस तरह से फायदा मिल रहा है और आने वाले 2024 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने का अल्पसंख्यकों से आह्वान किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा




इंतजार हुसैन, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रताप रैकवाल, अनवर शेरखान द्वारा भाजपा कार्यकर्ता जियाउद्दीन कुरेशी के पुत्र सावेज कुरेशी के द्वारा लगाए गए एटीएम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री महमूद हसन बंजारा, प्रदेश उपाध्यक्ष जहीर अंसारी, मुकेश ढींगरा, राजा कमाल, लाल मोहम्मद अंसारी, जेड ए डॉक्टर वारसी, नाजिम हुसैन, निजामुद्दीन, दिनेश खुलवे, अजीज अहमद, वसीम कुरेशी, जावेद कुरेशी, अजहरुद्दीन, मोहम्मद शाहबाज, यासीन अहमद, मेहंदी हसन मौजूद थे। संचालन शाहिद हुसैन ने किया।

# मनकामेश्वर मंदिर में धूमधाम से मनी गुरू पूर्णिमा









रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्याम टाकीज रोड स्थित मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम में स्वामी श्रीनारायण चैतन्य जी महाराज के पावन सानिध्य में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व बड़े ही उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर परसैकड़ों लोगों ने मंदिर में पहुंचकर स्वामी श्री नारायण चैतन्य जी महाराज से आशीर्वाद लिया और सुख शांति की कामना की। इस अवसर पर भजन कीर्तन भी हुआ। जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। स्वामी नारायण चैतन्य जी महाराज ने आये हुए सभी भक्तों को आशीर्वाद देते हुए सभी के लिए मंगल कामना की और सभी से धर्म की राह पर चलने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक की राह पर चलने वाला व्यक्ति जीवन में हमेशा उन्नति की ओर बढ़ता है। झूठ, छल कपट हमेशा विनाश की ओर ले जाते हैं। गलत काम करने वाला व्यक्ति वर्तमान में भले ही सुखी नजर आ रहा हो लेकिन एक ने एक दिन उसे कर्मों का फल भोगना ही पड़ता है। इस अवसर पर विजय फुटेला, अजय फुटेला, अशोक अरोड़ा, सुरेश मदान, प्रवीण अनेजा, प्रदीप अनेजा, नितिन अनेजा, शिवम फुटेला, सागर फुटेला, संगीता जुनेजा, विमला अनेजा, रामबाबू मिश्रा, उर्मिला मिश्रा, गोपाल शास्त्री, निम्मी फुटेला, आस्था फुटेला, माधव फुटेला, जीवनदास फुटेला, बसंत चौधरी ,विजय अग्रवाल, सुनील शर्मा, रवि श्रोति ,मनोज पांडे, विजय शास्त्री, मृत्युंजय शुक्ला, शशि अरोड़ा, सुशीला शर्मा आदि भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## एंडुरन्स टेक्नोलोजी का सिक्स सिग्मा में पूल कैम्पस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस द्वारा छात्रों का कैम्पस प्लेस्मेंट कराया गया। यह प्लेस्मेंट प्रक्रिया का आयोजन सिक्स सिग्मा के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट हेड रजत धवन द्वारा कराया गया। इस प्रक्रिया में कम्पनी के माननीय एच.आर. मैनेजर एलईडी जोशी, प्रोडक्शन हेड प्रदीप भट्ट व मेंटेनेंस हेड मुकेश जायसवाल सर्वप्रथम प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को कम्पनी से जुड़ी अहम जानकारी दी एवं उसके स्त्रोत पर्यावरण, कम्पनी के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। इस प्रक्रिया में एसएसआईटीएस , गेट बाजपुर के 30 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमे से 25 का चयन हुआ, चयन के छात्रों में खुशी व सकारात्मक भावना थी । छात्र



व छात्राओं ने संस्थान की प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट तथा ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर रजत धवन को अपना धन्यवाद प्रकट किया । संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, को- चेयरमैन प्रीत ग्रोवर , प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ सीमा अरोरा, मैनेजमेंट टीम मेम्बर वंश डाबर, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह, व सीएओ अनुभव बाठला ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की। कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट चयन के उपरांत सभी छात्रों को प्रेरित किया एवं उनको उनके लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने को कहा।

## मीना शर्मा ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि खिलाड़ियों को यदि उचित प्लेटफार्म मिले तो वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन शानदार तरीके से कर सकते हैं, उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे टूर्नामेंट से ही प्रतिभावान खिलाड़ियों को तराशा जा सकता है। श्रीमती शर्मा सोमवार को शहीद भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित शहीद भगत सिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन कर रही थी। इससे पूर्व आयोजकों द्वारा श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया। बाद में मुख्य अतिथि श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने उद्घाटन



मैच की दोनों ही टीमों रुद्रपुर इलेवन और ए एन झा बारियर्स की टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और एक बॉल पर शॉट मारकर क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। बाद में 12 -12 ओवर के निर्धारित मैच में रुद्रपुर इलेवन की टीम ने ए एन झा वारियर्स की टीम को रोमांचक तरीके से मात्र 12 रन से हरा दिया और अगले चक्र में प्रवेश किया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में एनएसयूआई के पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन भट्ट , शहीद भगत सिंह क्लब के राजा ठाकुर, योगेश पांडे, पवन सिंह बिष्ट, गौरव मेहता, राहुल बाल्मीकि, मयंक यादवेंद्र, अरविंद सक्सेना सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।


गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए ?
आधार लाये,
उधार ले जायें...

0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी

Guru Maa Enterprises

हल्द्वानी
तिकोनिया मो- 9837077682
चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666
पिली कोठी मो- 9997207007

रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड
मो- 9927882338, 9568869000

काशीपुर
चीमा चौराहा मो-7455045084
रामनगर रोड मो-9917161111

गदरपुर
गुरूनानक इंटरप्राईजेज
पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ!
वीर कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन,उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

# तेंदुए ने महिला पर किया हमला

जसपुर(उद संवाददाता)। घर के बाहर खड़े होकर मोबाइल पर बात कर रही महिला पर तेंदुए ने हमले का प्रयास किया। उसके बेटे ने शोर मचाकर तेंदुए को भगा दिया। तेंदुआ गन्ने के खेत में भाग गया। वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर खेत के चारों ओर जाल लगा दिया। प्रदेश के सीमावर्ती थाना रेहड़ यूपी के बादशाहपुर गांव निवासी मनदीप कौर शनिवार शाम लगभग 7:30 बजे अपने घर के बाहर खड़े होकर मोबाइल पर बात कर रही थीं। अचानक तेंदुए ने हमले का प्रयास किया। पास ही खड़े उनके बेटे जगरूप सिंह ने तेंदुए को देख लिया और शोर मचा दिया। इससे तेंदुआ गन्ने के खेत में भाग गया। महिला सदमे से बेहोश हो गई। इधर, डीएफओ बिजनौर अरुण कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर नगीना रेंज के रेंजर विकास वरुण के नेतृत्व में टीम मौके पर भेजी गई है। गन्ने के खेत की घेराबंदी की गई है। अभी वहां तेंदुआ मौजूद है कि नहीं इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। तेंदुए की तलाश ड्रोन कैमरे से की जा रही है।

# आइरन मैन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

गदरपुर(उद संवाददाता)। 15वीं बटालियन एनडीआरएफ द्वारा तीन दिवसीय अंतरा जोन आइरन मैन प्रतियोगिता का आयोजन गूलरभोज जलाशय में किया गया। प्रतियोगिता के उद्देश्य 8 अक्टूबर को गोवा राज्य में आयोजित होने वाली आईरन-मैन प्रतियोगिता में 70.3 हेतु रा.आ.मो. बल के उत्कृष्ट पदाधिकारियों को चिन्हित कर प्रतियोगिता हेतु तैयार किया जाना है। इस व्यक्तिगत जिसमें प्रत्येक वाहिनी के 01 -01 प्रतिभागी द्वारा तैराकी-1.9 किमी. , साईकिलिंग-90किमी. एवं दौड-21. 1किमी. की जायेगी। दूसरा वर्ग जिसमें 12 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया आठ अक्टूबर को आयोजित होने वाली आईरनमैन 70.3 गोवा में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में 1.5 स्वीमिंग, 90किमी. साईकिलिंग एवं 21.1 किमी. रेस में 15वीं वाहिनी के फिरोज कुमार ने पहला स्थान,






पहले दिन 1.5 स्वीमिंग, 90किमी. साईकिलिंग एवं 21.1 किमी. रेस में फिरोज कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया। 15वीं वाहिनी रा.आ.मो.बल गदरपुर में तीन जुलाई से पांच जुलाई तक अन्तरा जोन आईरन मैन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य से नाथ जोन के अधीन आने वाली 7वीं/13वीं/14वीं एवं 15वीं की टीमें प्रतिभाग करेंगी। अन्तरा जोन आईरनमैन प्रतियोगिता का शुभारम्भ सुदेश कुमार दराल कमाण्डेंट 15वीं वाहिनी द्वारा गूलभोज जलाशय में किया गया। प्रतियोगिता के कुल दो वर्ग पहला सोल्ड/ जायेगा। जिसमें प्रत्येक वाहिनी के 01-01 प्रतिभागी प्रत्येक ईवेंट (तैराकी-1.9 किमी., साईकिलिंग- 90किमी. एवं दौड़-21.1 किमी.) में प्रतिभाग करेंगे। दोनों प्रतियोगिताओं में सबसे कम समय में समाप्त करने वाले पदाधिकारियों का रा.आ.मो. बल की टीम में चयन जो कि द्वितीय स्थान 13वीं वाहिनी के सीटी सोमवीर, तृतीय स्थान 14वीं वाहिनी के सीटी रामबाबू ने प्राप्त किया। इस मौके पर सुदेश कुमार कमाण्डेंट,डा. शैलेश कुमार मुख्य चिकित्साधिकारी, रवि शंकर बधानी उप कमाण्डेंट, कर्मवीर सिंह भण्डारी, राजू एस धपोला, मनोज जोशी आदि मौजूद रहे।

# चोरों ने दुकान से नगदी और सामान उड़ाया

गदरपुर(उद संवाददाता)। बेखौफ चोरों ने मेन रोड पर इलेक्ट्रीशियन की दुकान के ताले तोड़कर नगदी एवं हजारों रुपए नगद और मोटर एवं मोटरों का तांबे का तार चोरी कर ले गए। दुकान स्वामी द्वारा चोरी की सूचना पुलिस को दी तत्काल पुलिस द्वारा मौका मुआयना कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में लग गई।आपको बताते चलें कि रविवार की देर रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा स्केनिया मोड पर स्थित शोएब इलेक्ट्रॉनिक के ताले तोड़ कर हजारों रुपए के बिजली की मोटर सहित लगभग 2000 की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित दुकान स्वामी शोएब जब सुबह दुकान के ताले खोलने पहुंचे तो दुकान के ताले टूटे देख दुकान स्वामी



के होश उड़ गए। शोएब द्वारा जब दुकान का शटर खोला तो सारा सामान बिखरा पढ़ा था और गल्ले का ताला भी टूटा हुआ था। दुकान स्वामी ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेकर आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज को खंगालने लगे। वहीं थाना अध्यक्ष राजेश पांडे का कहना है कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया जाएगा।।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सेनेटरी वेडिंग मशीन वितरित

गदरपुर(उद संवाददाता)।बाल विकास परियोजना सभागार में मेरी सहेली सेनेटरी वेल्डिंग मशीन का वितरण किया गया इस दौरान 111 सेनेटरी वेल्डिंग मशीन का वितरण किया गया। सोमवार को बाल विकास परियोजना सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष गुलाम गोस ने फीता काटकर किया इस दौरान पालिकाध्यक्ष गुलाम गोस ने कहा सेनेटरी वेल्डिंग मशीन मिल जाने से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और किशोरियों को सेनेटरी पैड लेने के लिए बाजार में नहीं आना पड़ेगा इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह द्वारा 111 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मशीन चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया इस दौरान पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस एवं



जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मेरी सहेली सेनेटरी वेल्डिंग मशीन का वितरण भी किया गया इस इस दौरान उदय प्रताप सिंह का कहना था कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं विभागीय मंत्री रेखा आर्य द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि महिलाओं एवं किशोरियों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसलिए जगह जगह मशीनें लगाई गई हैं उन्होंने बताया कि एक बार में किशोरी या महिला को 2 सेनेटरी पैड मिलेंगे इस मौके पर ही बाल विकास परियोजना अधिकारी लीला परिहार, सुनीता पंत, नीमा बिष्ट, दीपा उपरेती, शफीखन खान, सहित काफी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कैडेट्स को दी बचत व विनियोग की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 78 यूके बटालियन एनसीसी हल्द्वानी के तत्वाधान में बीएसई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जफरुद्दीन रहे। उन्होने सभी कैडेट्स को बचत एवं विनियोग के विषय में जानकारी दी। शेयर मार्केट के



लाभ बताते हुए उसके प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में एसयूओ राहुल सिंह, यूओ कमल सिंह, कैडेट अभिषेक कुमार, अविनाश शर्मा, हिमांशु वर्मा, रोहित पाठक, विपिन, एसयूओ पायल दानू, यूओ नेहा, कैडेट दीक्षा अधिकारी, बबिता अधिकारी, अंजली पंत, अंजली आर्या, दीप्ति सिंह, वंदना बिष्ट, सोफिया अंजुम आदि उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन कैप्टन डॉ. शलभ गुप्ता ने किया।

# धूमधाम से मना इंस्पिरेशन स्कूल का स्थापना दिवस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में 24वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यालय की स्थापना 3 जुलाई 1999 में जिसमें सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंधक डॉ0 दीपक बल्यूटिया, प्रधानाचार्य श्री अनुराग माथुर, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा द्वारा दीप प्रज्जवलित किया कविता व जया पोखरिया, साक्षी आर्या विश्वेष हैड़िया व आकांक्षा आर्या ने अपने वक्तव्यों में स्कूल की विभिन्न गतिविधि यों पर प्रकाश डाला। प्रबन्धक डॉ0 दीपक अनुराग माथुर द्वारा समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की एकजुटता की ओर संकेत करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित की गई। साथ ही आगामी वर्षों में विद्यालय






संस्थापक स्व0 एन0 सी0 बल्यूटिया द्वारा की गई थी। अपनी स्थापना से वर्तमान समय तक विद्यालय ने उत्तरोत्तर विकास किया है। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने 'ठान लिया हमने पहचान लिया हमने सूरज जैसा चमकना है' सुन्दर गीत प्रस्तुत किया। इसी श्रृंखला में कक्षा 3 की परिधि तिवाड़ी ने सुविचार, कक्षा 1 की आद्या जोशी ने बल्यूटिया ने अपने सम्बोधन में विद्यालय की गौरवान्वित उपलब्धियों के लिए समस्त विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में ऐसे उत्तरोत्तर विकास की कामना की। प्रधानाचार्य की प्रगति का आश्वासन देते हुए समस्त विद्यालय परिवार के योगदान की कामना की गई। कार्यक्रम में समस्त शिक्षकों की भागीदारी रही। कार्यक्रम का संचालन यशस्वी द्वारा किया गया।

जियो हजारों साल



मन्नत

के जन्म दिन पर समस्त परिवारजनों एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार की ओर से हार्दिक बधाई

# श्री तुलसीधम में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री तुलसी धाम सेवा समिति मल्सा गिरधरपुर द्वारा जवाहरलाल नेहरू जिला चिकित्सालय के सहयोग से गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गुरू पूर्णिमा पर्व पर 12 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ पुष्पा गांधी, सोनू गांधी, मोनू गांधी, रिंकू गांधी व सोनू खुराना के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इससे पूर्व प्रात: 4 बजे श्री बाला जी को स्नान, 7 बजे हवन, 8 बजे नामदान दीक्षा, 9 बजे से श्री महाराज जी के प्रवचन व 10 बजे से श्री गुरू महाराज जी द्वारा सभी संगत को आर्शीवाद दिया गया। प्रात: 11 बजे से गुरू महाराज जी का अटूट लंगर बरताया गया। आयोजित रक्तदान शिविर में लगभग 50 यूनिट रक्तदान किया गया। इस मौके पर गुरमीत कौर, मनप्रीत कौर, राधा गांधी, रूचि खुराना, हरीश बांगा, अशोक बांगा, विपिन बांगा, राजू चावला, भीमसेन बांगा, विनोद बेहड़, सोनू खुराना, गुरूदास बांगा, बैजनाथ छावड़ा, अशोक सुधा, विरेन्द्र गंभीर, तिलक बांगा, सुरेश नरूला, सुरेन्द्र नरूला, राजकुमार बांगा, ईशांत बांगा, अंकित बांगा, प्रदीप कामरा, शैंकी बांगा, राघव शर्मा, पंकज गांधी, सजल अनेजा व कुनाल बांगा सहित समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।







# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भारत अमरीकी रिश्ते

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमेरिका दौरा काफी सुर्खियों में रहा था। वैसे तो भारतीय प्रधानमंत्रियों की सभी यात्राएं उस समय के समाचार मीडिया के लिए बड़ी उत्सुकता और आकर्षण का विषय रहती रही हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा और भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक और व्यापारिक निर्णय, रणनीतिक खरीद, प्रौद्योगिकी सहयोग और व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत, सभी ने भारत के लोगों को एक सुखद एहसास दिया है। इन दोनों महान लोकतंत्रों के बीच रिश्ते इतिहास में बहुत अच्छे नहीं रहे हैं। और आज भी संयुक्त राज्य अमेरिका में कुछ ऐसे तत्व हैं, जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, प्रेस की स्वतंत्रता, जातीय अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, लोकतंत्र आदि के फर्जी आख्यानों के आधार पर भारत पर उंगलियां उठाते रहते हैं और अतीत में ये तत्व सफल भी रहे हैं। आधिकारिक कार्यवाही में आधिकारिक बयानों, कथनों आदि पर इसकी छाया देखने को मिलती रही है। पीएम मोदी की यात्रा की सफलता इस बात से पता चलती है कि शायद कूटनीतिक तौर पर यह पहले से तय था कि पीएम मोदी की राजकीय यात्रा के दौरान इस तरह की कोई बयानबाजी नहीं की जाएगी। यह रिश्तों में समानता की स्पष्ट अभिव्यक्ति है। राष्ट्रपति बाईडेन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संयुक्त बयान में कहा गया है कि 'दोनों देश अमेरिकी और भारतीय उद्योग, सरकार और शैक्षणिक संस्थानों के बीच अधिक प्रौद्योगिकी साझाकरण, सह-विकास और सह-उत्पादन के अवसरों की सुविधा प्रदान करेंगे।' यह उल्लेखनीय है कि भारत ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, अंतरिक्ष और दूरसंचार जैसी आगामी प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। भारत और अमेरिका ने इन क्षेत्रों में मिलकर काम करने का फैसला किया है। यह दो महान आर्थिक और प्रौद्योगिकी महाशक्तियों के बीच प्रगाढ़ होते संबंधों का प्रकटीकरण है। पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा इस वजह से भी अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि आज अमेरिका आर्थिक, कूटनीतिक और रणनीतिक रूप से बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है। विश्व भारत को एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में देखता है, जिसकी वर्तमान विश्व अर्थव्यवस्था में भूमिका है। इतिहास में एक समय था जब अमेरिकी डॉलर (यूएसडी) दुनिया पर हावी था, यूएसडी का वैश्विक आरक्षित मुद्रा का 70 प्रतिशत हिस्सा था; आज यह घटकर लगभग 54 प्रतिशत रह गया है। अमेरिका इस समय सदी की सबसे ऊंची महंगाई दर के बीच है।अफगानिस्तान से अचानक सेना की वापसी और वहां कट्टरपंथी सरकार के उदय के बाद दुनिया के 'दादा' का दर्जा काफी घट गया है। रूस-यूक्रेन संघर्ष में पूरी तरह से विफलता, और यूक्रेन की लगातार हानि और परिणामस्वरूप ऊर्जा और सामान्य मुद्रास्फीति और दुनिया भर में उत्पादन को प्रभावित करने वाली आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान ने एक महाशक्ति के रूप में अमेरिकी कमजोरी को उजागर किया है। इन परिस्थितियों में, अमेरिका के लिए ऐसे साझेदार ढूंढना अनिवार्य हैं जो सक्षम भी हों और भरोसेमंद भी। साझेदार, जिनके नेताओं का विश्व के अन्य नेताओं पर प्रभाव होता हो।

# जनता दरबार में समस्याएं लेकर पहुंचे लोग



बागेश्वर(उद संवाददाता)। तहसील सभागार में आयोजित जनता दरबार में जिले के लोग समस्या लेकर पहुंच रहे हैं। तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी चंद्र सिंह इमलाल ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। भीतर दस लोग बिजली, पानी व सड़क की समस्या को लेकर पहुंचे। उन्होंने जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। एडीएम सीएस इमलाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दरबार में उठी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें।जनता दरबार में फरियादियों द्वारा मुख्यत: पेयजल, सड़क, विद्युत आदि से संबंधित 16 शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें से छ: शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अपर जिलाधिकारी ने कहा जन समस्याओं का निराकरण अधिकारियों की जिम्मेदारी है, इसलिए अधिकारी प्राप्त शिकायतों का त्वरित निदान करना सुनिश्चित करें।जनता दरबार में प्रधान तारा बिष्ट ने 15 साल पूर्व में बने होराली एएनएम सेंटर में अभी तक विद्युत संयोजन नही होने, गोविन्द सिंह कनवाल ने वार्ड नम्बर सात में पानी की समस्या बताते हुए सुचारू पेयजल दिलाने,अध्यक्ष शिखर सेवा समिति ने उद्योग बंधुओं की बैठक में न बुलाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उद्योग बंधुओं की बैठक में उन्हें बुलाने का अनुरोध किया, जिस पर अपर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने महाप्रबन्धक उद्योग को अध्यक्ष शिखर सेवा समिति को अगली बैठक में बुलाने के निर्देश दिये। पूरन सिंह ने बागेश्वर गिरेछीना सड़क मार्ग पर उनके घर के पास सुरक्षा दीवार बनाने, वन सरपंच द्यौरड़ा, ग्राम प्रधान रतौड़ा एवं ग्रामवासियों ने द्यौरड़ से रतोड़ा-कपिलेश्वर स्वीकृत मोटर मार्ग में अभी तक कोई कार्य न होने की शिकायत की, जिस पर अपर जिलाधिकारी ने बताया कि द्यौरड़ से रतोड़ा-कपिलेश्वर मोटर मार्ग की डीपीआर शासन को प्रेषित कर दी गयी है, धनराशि स्वीकृति होने के उपरांत कार्य किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने प्राप्त शिकायतों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।जनता दरबार में उपजिलाधिकारी हरगिरि, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. कमल पंत, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, कृषि अधिकारी गतीजांजि बंगारी, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी पीके गौतम, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार समेत अनेक अधिकारी मौजूद थे।

# प्रशासन की सतर्कता से शंभु नदी पर बनी झील का खतरा टला



बागेश्वर (उद संवाददाता)। कपकोट से लगभग 80 किमी दूर स्थित कुंवारी गांव के समीप शम्भू नदी के दायें पार्श्व में अस्थाई झील बनी हुई है।वही झील बनने से भविष्य में कभी भी कोई बड़ा हादसा नही हो इसके लिए जिलाप्रशासन सजग हो गया है, सूचना मिलते ही शम्भू नदी,पिण्डर नदी की एक सहायक नदी है, जो अपने उद्गम स्थल से लगभग ढाई किमी प्रवाह कर पिण्डर नदी में मिलती है जो चमोली जिले के कर्णप्रयाग में अलकनन्दा नदी में मिलती है। ग्राम कुंवारी में वर्ष 2013 से लगातार भू- कटाव एवं भूस्खलन हो रहा है। जिसका मलवा लगभग 180 मी. लम्बाई,90मीटर चौडाई तथा सात मीटर ऊंचाई में शम्भू नदी के प्रवाह मार्ग में जमा होने से कुंवारी गांव के नजदीक लगभग आधा किमी लम्बाई में भूस्खलन के मलुवे से गतवर्ष झील का निर्माण हुआ था। जिसे सिंचाई विभाग द्वारा चौनलाईजेशन कार्य कराकर नदी के प्रवाह मार्ग को खोल दिया गया था। सिंचाई विभाग कपकोट के अधिशासी अभियंता पान सिंह बिष्ट ने बताया कि वर्तमान में ग्रामवासियों व ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया है कि नदी में उस स्थल पर इस बार भी वर्षा के कारण मलवा आने से उक्त झील का मुहाना बन्द होने से जलस्तर बढ़ रहा है। जिस पर खण्ड के जेई तरूण लुम्याल द्वारा एक जुलाई को स्थलीय निरीक्षण किया गया था,कहा कि झील का मुहाना पूर्ण रूप से खुला हुआ है, एवं पानी की निकासी लगातार हो रही है,वही वर्तमान में कुंवारी गांव के भूस्खलन से आया मलवा नदी में जमाव से बने तालाब ने झील का रूप ले लिया है।पानी की निकासी गहराई से हो रही है, किसी प्रकार का खतरा नहीं है।वही स्थानीय लोगों ने झील निर्माण से कभी भी झील टूटने से कभी भी नदी किनारे बसेलोगों को बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

# गुमशुदा नाबालिग को पुलिस ने किया बरामद



बागेश्वर (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र में घटबगड़ वार्ड स्टेशन रोड निवासी ओम प्रकाश का दस वर्षीय बालक बिना बताए सुबह से ही लापताहो था,वही परिजन नाश्ते के समय बच्चे का इंतजार कर रहे थे, जिसके बाद बच्चे के परिजन नाश्ता के लिए बुलाने लगे। वही जब परिजन कमरे में आवाज लगा रहे थे तो नाबालिक का कही पता नही चला, जिसके बाद परिजन चिंतित हो गए।वही आसपास खोजबीनके बाद कोई भी पता नही चलने से परिजन परेशान हो गए। तत्काल परिजन कोतवाली पहुँचे उन्होंने नाबालिक की गुमसुदगी की सूचना दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक द्वारा उक्त नाबालिग की तलाश हेतु पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा नाबालिग की तलाश हेतु स्थानीय लोगों की मदद से सभी सम्भावित स्थानों को तलाशा गया साथ ही सीसीटीवी कैमरे, होटलों को चौक किया गया, आस-पास के लोगों से पूछताछ करते हुए उक्त गुमशुदा को बागनाथ मंदिर के समीप घूमते हुए बरामद किया गया जिसे सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।जिसके बाद पुलिस और परिजनों ने राहत की सांस ली।वही बेटे के सकुशल बरामद होने पर परिजनों द्वारा पुलिस की तत्परता से कार्य करने पर पुलिस का आभार प्रकट किया गया।पुलिस टीम में प्रभारी कोतवाल खष्टी बिष्ट, उपनिरीक्षक गोविन्द बल्लभ भट्ट,सुरेश आर्या,आरक्षी गिरीश बजेली आदि मौजूद थे।

# स्वरोजगार शिविर में 35 लोगों ने किये आवेदन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विकासखण्ड कार्यालय रूद्रपुर में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना अति सूक्ष्म (नैनो) योजना के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदकों, सम्बन्धित विभागों तथा बैंकों के साथ संयुक्त रूप से स्वरोजगार कैम्प का आयोजन किया गया। स्वरोजगार कैम्प/अभिप्रेरण शिविर का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख श्रीमती ममता जल्होत्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कैम्प के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और सभी विभागों से कहा कि इसी प्रकार सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के उद्देश्य के तहत स्वरोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र समय-समय पर भरवाकर बैंकों को प्रेषित करें व बैंकों से समन्वय स्थापित कर अभ्यर्थियों को लाभ पहुचायें। महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, ऊधम सिंह नगर द्वारा अवगत कराया गया कि स्वरोजगार कैम्प लगाये जाने का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक बेरोजगार युवक एवं युवतियों को स्वरोजगार उपलब्ध कराना है, साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि कैम्प में विभाग को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजनान्तर्गत 35 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 15 आवेदन पत्रों को मौके पर ऑनलाइन पोर्टल पर भरवाकर तत्काल संबंधित बैंक शाखाओं को प्रेषित कर दिया गया है शेष 20 आवदेन पत्रों पर औपचारिकता पूर्ण करा कर शीघ्र ही बैंक शाखाओं को प्रेशित कर दिया जायेगा। साथ ही महाप्रबन्धक द्वारा यह भी अवगत कराया कि दिनांक 06.07.2023 को विकासखण्ड कार्यालय बाजपुर में भी 11:30 बजे से स्वरोगजार कैम्प का आयोजन किया जाना है।धीरेन्द्र कुमार पन्त, सहायक विकास अधिकारी, विकास खण्ड कार्यालय, रूद्रपुर, द्वारा भी उपस्थित आमजन का मार्गदर्शन करते हुए योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित अन्य विभाग मुख्यत: उद्यान, मत्स्य, पर्यटन, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, डेरी/पशुपालन, अल्पसंख्यक आदि के उपस्थित अधिकारियों द्वारा भी अपने अपने विभाग के स्वरोजगारपरक योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में के0एस0 नेगी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एवं सी0एस0 नेगी, सहायक विकास अधिकारी, जिला उद्योग केन्द्र द्वारा विभाग सें संचालित योजनाओं की विस्तार सें जानकारी प्रदान की गई एवं जिला उद्योग केन्द्र, ऊधम सिंह नगर के समस्त कर्मचारियों द्वारा स्वरोजगार कैम्प में अपना सहयोग प्रदान किया गया।

# सदभावना सम्मेलन में विपक्षी दलों ने सरकार के खिलाफ उठाई आवाज

## प्रदेश भर में जन आंदोलन के लिए बनाई रणनीति

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।बुद्ध पार्क में उत्तराखंड के विभिन्न जन संगठनों, राजनीतिक दलों और जन मुद्दों से जुड़े हुए लोगों के द्वारा राज्य में कौमी एकता को कायम करने हेतु सद्भावना सम्मेलन का आयोजन किया गया। सद्भावना सम्मेलन सम्मेलन के प्रारम्भ में अम्बेडकर मिशन के जीआर आर्या ने सभी प्रतिभागियों को संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलवाई। सद्भावना समिति के भुवन पाठक ने इस सम्मेलन की आवश्यकता को सदन के सम्मुख रखा। राज्य में लगातार आपराधिक तरीकों द्वारा धर्म के आधार पर निर्दोष लोगों को निशाना बनाने के खिलाफ और अल्पसंख्यक एवं दलित समुदाय पर बड़ते हुई अत्याचार की निंदा करते हुए प्रतिभागियों ने कहा कि सरकार राज्य में कानून का राज फिर स्थापित कर जनहित की नीतियां, जैसे रोजगार की योजनाएं, वन अधिकार कानून, इत्यादि पर काम करे। कांग्रेस के राज्य अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि जोशीमठ की त्रासदी से ले कर अंकिता हत्याकांड तक, राज्य के सब तबके असुरक्षित हैं। लेकिन सरकार सिर्फ नफरती और सांप्रदायिक प्रचार कर रही है। सीपीएम (एमएल)के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि लव जिहाद और लैंड जिहाद जैसे शब्दों द्वारा अपराधों को सांप्रदायिक रंग दिया जा रहा है, जबकि इन बातों का न कोई सबूत है और न ही कोई डाटा; और बहुत ऐसी घटनाएं झूठी भी साबित हो गयी हैं। उत्तराखंड लोक वाहिनी के अध्यक्ष राजीव लोचन साह ने कहा कि राज्य की इतिहास और संस्कृति में यह नफरत कभी नहीं रही जिसको आज कल झूठों के आधार पर फैलाया जा रहा है। सद्भावना सम्मेलन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा शासन में हर वर्ग को खतरे में बताते हुए इसके खिलाफ हर मोर्चा खोलने की अपील की। सम्मेलन में कांग्रेस नेता करन मेहरा ने कहा कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ घृणा का अभियान मदरसे से शुरू होकर मजार से करते हुए भाजपा अब देश के संविधान के लिए भी खतरा बन चुकी है। आज प्रदेश में थारू-बुक्सा, अनुसूचित जाति सहित हर वर्ग खतरे में है। सात सौ किसानों की मौत पर चुप्पी साधने वाली सरकार अपने एक सांसद को जेल जाने से बचाने के लिए पद्मश्री पहलवानों को सड़क पर घसीटने से भी बाज नहीं आ रही है। देश की बेटियां भी खतरे में हैं। पूरा जोशीमठ खतरे में है। सिर छिपाने की झोंपड़ी तक को अतिक्रमण बताकर गरीबों को उजाड़ा जा रहा है। जबकि जो मोदी के मित्र हजारों करोड़ों का गबन कर देश से भाग चुके हैं, उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के विरोधी और गांधी को मारने वाली विचारधारा के लोग जब तक सत्ता में रहेंगे, तब तक देश में कुछ भी अच्छा होने की उम्मीद नहीं की जा सकती। आज केवल सामाजिक धार्मिक भाई-चारे को ही नहीं, देश के संविधान को ही नष्ट किया जा रहा है। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि सरकार के कदमों में लगातार धार्मिक भेदभाव दिख रहा है, जिसके द्वारा ऐसा माहौल खड़ा करने की कोशिश की जा रही है जहाँ सरकार राज्य के सारे संसाधन बड़ी पूंजीपतियों को बेच सके। उत्तराखंड सर्वोदय मण्डल के अध्यक्ष इस्लाम हुसैन ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में साम्प्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश करने वाले नफरती तत्वों की साजिश को बेनकाब किया जाएगा। नफरती चिंटू संविधान बदलने की बात कर रहे हैं लेकिन वो संविधान बदल नहीं सकते। उन्होंने हेट स्पीच और अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के मामलों की पैरवी करने के लिए एक लीगल फोरम बनाकर अदालती कार्रवाई करने की जरूरत बताई। सम्मेलन में आयोजकों ने तय किया कि इसी प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए श्रीदेव सुमन के शहादत दिवस के अवसर 25 जुलाई को उनके गांव जौल में तमाम संगठनों के प्रतिनिधि आम नागरिकों के साथ प्रजातंत्र दिवस को मनाएंगे। उस दिन ऐसे ही कार्यक्रम प्रदेश भर में भी आयोजित किये जायेंगे। फिर भारत छोडो आंदोलन की बरसी 9 अगस्त को देहरादून में इन्ही मुद्दों पर कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा और प्रदेश भर में आवाज उठायी जाएगी। इस बीच में नफरत नहीं, रोजगार दो के मुद्दे पर प्रदेश भर में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जायेगा। सम्मेलन को हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदयेश, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के महासचिव प्रभात ध्यानी, समाजवादी लोक मंच के मुनीश कुमार, स्वतंत्र पत्रकार त्रिलोचन भट्ट ,सीपीआई के राष्ट्रीय कौंसिल सदस्य समर भंडारी, सीपीएम (एम) के राज्य सचिव राजेंद्र नेगी, चेतना आंदोलन के शंकर गोपाल, क्रन्तिकारी लोक संगठन के पीपी आर्य, पीपल्स साइंस मूवमेंट के विजय भट्ट, हिमांशु चौहान, अजय जोशी, बच्ची सिंह बिष्ट, मोहम्मद इशाक, सरताज आलम, सुहैल सिद्दीकी, जीआर टम्टा, बहादुर सिंह जग्गी सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया।सद्भावना समिति उत्तराखंड के भुवन पाठक और वन पंचायत संघर्ष मोर्चा के तरुण जोशी ने कार्यक्रमका संचालन किया और उत्तराखंड महिला मंच की उमा भट्ट ने अध्यक्षता की।

# आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। मानसून काल में अतिवृष्टि, बाढ़, त्वरित बाढ़ एंव नदियों का जलस्तर बढ़ने के फलस्वरूप विशेष सर्तकता बरतने तथा आपदाओं के प्रबन्ध हेतु पूर्व तैयारी, न्यूनीकरण एंव तत्कालिक बाहाली आदि कार्यों के संबंध में एक बैठक जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के समस्त अधिकारी, जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र व आईआरएस के नोडल अधिकारी, एंव अन्य विभागीय अधिकारियों प्रतिभाग किया।बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण से जुडें सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपदा की घटना के उपरांत् बंद सड़क मार्गों को प्राथमिकता के साथ खोले जाने हेतु विभागीय एंव निजी स्तर पर जनपद में जो भी उपकरण एंव मशीने मौजूद है उन्हें पूर्व से ही चालू एंव व्यवस्थित स्थिति में रखी जाये तथा आपदा की दृष्टि से जो भी सड़क मार्ग स्वेदनशील है उन स्थानों में पूर्व से ही मशीनी उपकरण व तकनीकी आदि स्टॉफ की तैनाती करते हुए उसकी सूचना से जिला आपातकालीन केंद्र को भी अवगत कराया जाय।जिलाधिकारी ने आपदा के समय दूरसंचार व्यवस्था भंग होने की स्थिति में पूर्व से ही वैक्लपिक व्यवस्था रखे जाने के साथ ही अगर दूरसंचार व्यवस्था अन्य जनपदों से व्यवधानित होती है तो उक्त संबंध में संबंधित जनपदों से पूर्व से समन्वय स्थापित किया जाय। जिलाधिकारी ने सीएमओ को सभी सरकारी चिकित्सालयों में आपदा के समय आवश्यक दवाओं को पूर्ण स्टाल



रखे जाने के साथ ही वर्षा काल में जलजनित आदि रोगों के उपचार एंव रोकथाम हेतु पूर्व से आवश्यक व्यवस्था रखने के भी निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सा विभाग को जनपद में स्थित सभी निजी चिकित्सालयों से समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश दिये ताकि आपदा के समय इन चिकित्सालयों का भी सहयोग लिया जा सके। जिलाधिकारी ने कृषि एंव उद्यान विभाग को आपदा के समय कृषकों को होने वाले नुकसान का तुरन्त आकंलन करने तथा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को आपदा के समय पशुओं की मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर तुरन्त पशुधन प्रसार अधिकारी से रिकार्ड रखने के साथ ही वास्तविक प्रभावितों को तुरन्त मुआवजा दिलाये जाने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह अपने अपने विभाग से संबंधित जो भी तैयारियां पूर्व से की जानी है वह कर ली जाय तथा किसी प्रकार की घटनाओं की सूचना होने पर आपदा नियंत्रण कक्ष को अवगत कराया जाय। बैठक में डीएम ने जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद में बड़ी आपदा के समय आईटीबीपी, एसएसबी एंव सेना से सहयोग हेतु पूर्व से समन्वय स्थापित रखा जाय तथा जनपद स्तर पर सभी सूचनों व व्यवस्थाओं को आपदा प्रबन्धन कार्य योजना में सम्मिलित करते हुए आपदाओं के प्रबन्ध एंव न्यूनीकरण हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाय।जिलाधिकारी ने नगरपालिका के अधिकारियो को निर्देश दिए कि नगर में जितने भी नाले बंद पड़े हैं ऐसे नालों की सफाई कर उन्हे दुरुस्त रखे जानें, लोनिवि को सड़क किनारे बंद कलमठ एवम कंजवे को खोले जाने, विद्युत विभाग को लॉपिंग चॉपिंग करने के साथ ही विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर तत्काल विद्युत आपूर्ति सुचारु करने, जल संस्थान एवम जल निगम के अधिकारियो को जल टैंकों की नियमित सफाई करने के निर्देश देने के साथ ही जनपद में आ रहे दुर्गंधहिन जल की जांच करने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी को निर्देश दिए कि जितने भी आपदा के वाहन विभागों को दिए गए हैं उन्हें विभागों से तत्काल वापिस लेते हुए उन्हें आपदा प्रबंधन के कार्यों में लगाया जाय। बैठक में सीडीओ वरुण चौधरी, एडीएम फिंचा राम चौहान, एसडीएम धारचूला दिवेश शासनी, एसडीएम बेरीनाग अनिल कुमार शुक्ला, उपप्रभागीय वनाधिकारी ज्वाला प्रसाद, डीडीओ रमा गोस्वामी , आईआरएस प्रणाली के सभी नोडल अधिकारी आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन जिला आपदा प्रबन्धन भूपेंद्र सिंह महर ने किया।

# किच्छा नगर का होगा सौंदर्यीकरण:बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)विधायक तिलक राज बेहड़ ने नगर के सौंदर्यीकरण को लेकर हल्द्वानी रोड काली मंदिर तिराहे,आदित्य चौक,तथा दरऊ चौराहे पर स्वागत द्वार बनाएं जाने की घोषणा की तथा पीडब्ल्यूडी, आर ई एस, नगर पालिका सहित तमाम विभागों के आला अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया की सभी कार्यों का स्टीमेट बनाकर लाए जिसे आगामी बजट मै कार्यों हेतु बजट प्रस्ताव की स्वीकृति ली जा सके। विधायक बेहड़ ने बताया कि आदित्य चौक से डीडी चौक तक सड़क का चौड़ीकरण कर डिवाइडर लगाकर सड़क के मध्य छायादार फूलदान वृक्षों को लगाकर नगर का सुंदरीकरण किया जाएगा जिससे आने वाले हर व्यक्ति को शहर की सुंदरता का एहसास हो सके उन्होंने कहा कि नगर के लिए जो स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं उनमें किसी व्यक्ति विशेष का नाम नहीं होगा। स्वागत द्वार अति सुंदर आंखों को फ्री बनने वाली शैली में बनाए जाएंगे ताकि हर आगंतुक संतुष्ट होकर जा सके। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि नगर वासियों को अति शीघ्र ही विकास की चमत्कार दिखाई देगा। नगर में जलभराव की समस्या से भी निजात दिलाने का प्रयास होगा। उन्होंने आम जनता से अपील की कि नगर को सुंदर बनाने में शासन-प्रशासन का सहयोग करें तथा सड़क को दोनों और खुली रखें जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन से भी नगर में हर स्थान पर कैमरे लगाने के लिए प्रस्ताव मांगा गया है ताकि सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन पूरी शहर में निगरानी रख सके



तथा हो रही अपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण कर सके लेकिन लेकिन पुलिस प्रशासन की तरफ से अभी तक प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। प्रस्ताव प्राप्त होते ही नगर में हर कोने पर जहां भी आवश्यकता है कैमरे लगाए जाने की व्यवस्था की जाएगी । उन्होंने कहा कि नगर के बीचो बीच बहने वाली लेफ्ट पाहा नहर नहर का कवरिंग का कार्य किया जा रहा है जिसमें कुछ लोगों ने शिकायतें की है शिकायतों के निवारण हेतु ठेकेदार से वार्ता कर शिकायतों का निवारण कर दिया जाएगा। विकास में जनता को पूर्ण सहयोग करना चाहिए नहर कवरिंग होने के बाद नगर में सुंदरीकरण पर चार चांद लग जाएंगे उन्होंने कहा कि शेष नहर का भी कवरिंग के कार्य का बजट भी शीघ्र आएगा। विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि नगर के तीनों स्वागत द्वार एवं डीडी चौक से आदित्य चौक तक सड़क के चौड़ीकरण एवं डिवाइडर लाइट व्यवस्था जल व्यवस्था आदि हेतु शीघ्र ही होने वाले खर्च का ब्योरा भी आम जनमानस के सामने रख दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन सिंह कोहली, अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह, गौरव बेहड़ नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी महिला कॉन्ग्रेस नेत्री सुनीता कश्यप नासिर खान सतपाल बाबा सहित लोग उपस्थित थे।

# दुर्घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश

अल्मोड़ा( उद संवाददाता)। जिला मजिस्ट्रेट विनीत तोमर ने बताया कि 23 जूनप्रातः लगभग 8:15 बजे तहसील भिकियासैण के स्थान दल्मोड़ी-बघाड़ कच्चा मोटर मार्ग पर वाहन संख्या यूके-04 सीए 4761 पिकप दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उन्होंने बताया कि उक्त वाहन दुर्घटनाग्रस्त वाहन में 04 यात्री सवार थे जिसमें से 02 महिलाओं की मृत्यु हो गयी थी। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि उक्त वाहन दुर्घटना के कारणों की मजिस्ट्रीयल जॉच हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट भिकियासैण को जॉच अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने नामित जॉच अधिकारी को निर्देश दिये है कि उक्त वाहन दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जॉच कर सुस्पष्ट जॉच आख्या एक पक्ष के अन्दर जिलाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## पेज एक का शेष...

**नौकरशाही के आगे.....** अरसे से करते आ रहे हैं। देखा जाए तो मंत्रियों की यह मांग एक तरह से काफी हद तक जायज भी है ,क्योंकि अगर नौकरशाहों को आचरण नियमावली के उल्लंघन पर दंडित किए जाने के बजाय उनकी मान मनौव्वल की जाएगी तो नौकरशाहों का बेलगाम होना लाजिमी है। ताजा घटनाक्रम को ही लें तो इसमें संबंधित आईएएस पर आचरण नियमावली के तहत तत्काल एक्शन होना चाहिए था, लेकिन हुआ इसके एकदम उलट। जिस अफसर के खिलाफ सख्त एक्शन होना चाहिए था ।सरकार का सहारा सिस्टम उस अफसर की मान मनौव्वल करता रहा । ऐसे में अफसरों के हौंसले तो बुलंद होंगे ही। लिहाजा अगर इस क्रम में अगर यह सवाल खड़ा किया जाए कि कहीं उपरोक्त जूनियर आईएएस अफसर के हाथ में सरकार की कोई कमजोर नस तो नहीं ? तो यह किसी भी दृष्टि से अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं होगा।

**मकान बेचने के नाम पर.....** के साथ मिलकर मकान बेचने के नाम पर कई लोगों से ठगी कर चुकी है। इस मामले में पूर्व में भी उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज है। अब पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**सूबेदार मेजर के .....** डकैतों ने घर में रखी अलमारी तोड़कर उसमें रखे करीब छः लाख रूपये कीमत के सोने चांदी के जेवरात तथा लगभग 70 हजार रूपये नगद लूट लिए और धमकी देते हुए फरार हो गये। प्रातः मामले की जानकारी मिलते ही कालोनी वासियों में दहशत का माहौल हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के कई अधिकारी भी मौके पर आ पहुंचे और उन्होंने परिजनों से घटना की विस्तार से जानकारी लेकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने के बाद डकैतों का सुराग लगाया जायेगा।

**अनजान युवती ने.....** वायरल हुआ है वह मर गई है। साथ ही वह पीड़ित के नाम का सुसाइड नोट छोड़ गई है। लिहाजा वह पांच लाख की रकम देकर मामले को रफा-दफा कर दे। इस पर उसे ठगे जाने का आभास हुआ। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। काठगोदाम थाना प्रभारी प्रमोद पाठक ने कहा पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है।

**बारिश से गिरा मकान.....** उधर, देर रात हुई बारिश के चलते जौनसार बावर और पछवादून के छह मोटर मार्ग बंद हो गए। जिसमें जौनसार का प्रमुख मोटर मार्ग अटाल-मीनस भी शामिल रहा। दोपहर तीन बजे बाद अटाल-मीनस समेत चार मोटर मार्ग पर आवाजाही बहाल कर दी गई। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक छह जुलाई तक प्रदेशभर में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके चलते संवेदनशील इलाकों में भूस्खलन और चट्टान गिरने से सड़क और राजमार्ग अवरुद्ध हो सकते हैं। नालों-नदियों का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है।

**सीबीआई कोर्ट में .....** स्टिंग सामने आया था, इसमें विधायक मदन सिंह बिष्ट के होने का दावा किया गया। इसमें डॉ. हरक सिंह रावत के भी शामिल होने का दावा किया गया था। दोनों ही स्टिंग के बारे में उमेश कुमार ने दावा किया था कि हरीश रावत सरकार को बचाने के लिए विधायकों की खरीद-फरोख्त की डीलिंग की जा रही थी। इसमें रुपयों के लेन-देन होने की बात का दावा भी स्टिंग प्रसारण के दौरान किया गया था। बाद में इस पूरे मामले की जांच सीबीआई को दे दी गई थी। स्टिंग में जो आवाजें हैं उनके मिलान के लिए इन चारों ही नेताओं के वॉयस सैंपल लेने की अनुमति सीबीआई ने अदालत से मांगी थी।

# सड़क निर्माण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

गदरपुर (उद संवाददाता)। सड़क निर्माण की मांग को लेकर रजिस्टार कानूनगो लवकेश शर्मा को ज्ञापन देते समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हर्ष शर्मा जर्जर रोड के निर्माण की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रजिस्टार कानूनगो को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि अगर रोड



का सुधारी करण नहीं किया गया तो कार्यकर्ता धरने पर बैठ जाएंगे। सोमवार को समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हर्ष शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे जहां उन्होंने तहसीलदार की अनुपस्थिति में रजिस्ट्रार कानूनगो लवकेश को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि महतोश मूड से लेकर नवाबगंज उत्तराखंड,उत्तर प्रदेश बॉर्डर तक करीब 3 किलोमीटर से अधिक सड़क पूर्णता क्षतिग्रस्त हो चुकी है। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हर्ष शर्मा ने कहा रूट से कृषकों को गदरपुर अनाज मंडी में अपने अनाज के दौरान काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रोड की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि रोड में खड्डे हैं या खड्डे में रोड मालूम ही नहीं चलता इस रोड पर चलने से कई बाइक सवार अब तक चोटिल और गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगर रोड का निर्माण जल्द शुरू नहीं किया गया तो पार्टी के कार्यकर्ता तहसील में धरने पर बैठ जाएंगे।ज्ञापन देने वालों में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हर्ष शर्मा, नगर अध्यक्ष नितिन, नगर महामंत्री करण सिंह, निजाम अली, आसिफ, आशिक अली, अमर सिंह, मंजू, सिराज सलमान सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# सावन मास आज से रहेगा आगामी 31 अगस्त तक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भगवान शिव का प्रिय मास सावन इस बार 4 जुलाई से प्रारम्भ होकर 31अगस्त तक रहेगा । क्योंकि सम्वत् 2080 के इस वर्ष में 13 माह हैं। इन दो श्रावण मास में एक पुरुषोत्तम मास रहेगा। इस मध्य उत्तराखंड का लोकप्रिय पर्व हरेला 24 गते, 8 जुलाई को घर-घर में बोया जायेगा। ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार ऐसा संयोग 19 वर्षों के बाद बन रहा है । जिसमें दो सावन माह होंगे। शिव भक्तों के लिये यह सावन मास बहुत ही शुभफलदायक सिद्ध होंगे। क्योंकि उन्हें आठ सोमवार जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक करने का शुभावसर प्राप्त हो रहे हैं। जबकि जो महिलायें मंगला गौरी व्रत का पालन करती हैं, उन्हें नौ व्रत करने का सौभाग्य मिल रहा है। 18जुलाई से 16अगस्त तक अधिमास रहेगा। उन्होंने बताया कि जलाभिषेक 10जुलाई, 17जुलाई, 24जुलाई, 31 जुलाई, 7अगस्त,14अगस्त, 21अगस्त, 28अगस्त सोमवार को होंगे। मंगला गौरी व्रत प्रत्येक मंगलवार को रखा जायेगा। उन्होंने बताया पुरुषोत्तम मास में पार्थिव पूजा तथा सोमवार व्रत का पालन करने के सम्बन्ध में अशोक वार्ष्णेय ने जानकारी देते हुए बताया कि शिव पूजन करने तथा सोमवार व्रत का पालन करने में किसी प्रकार का कोई दोष नहीं है ।जो शिव भक्त विगत वर्षों से पार्थिव पूजा करते चले आ रहे हैं, वो इस अवधि में कभी भी कर सकते हैं। लेकिन जो भक्त पहली बार पार्थिव पूजा करने का विचार कर रहे हैं, वो पुरुषोत्तम मास में न करके सावन मास के शुक्ल पक्ष में पूजन कर लाभ उठा सकते हैं।सावन मास की शुरूआत शुभयोगों में हो रही है ।जिससे दो माह तक रहने वाले सावन का विशेष महत्व बन रहा है ।पहले ही दिन मंगला गौरी व्रत, त्रिपुष्कर योग, शिववास के साथ इन्द्र व वैधृति योग, पूर्वाषाढा तथा उत्तराषाडा नक्षत्र का संयोग बन रहा है । ज्योतिष विधा की मानें तो इन्द्र योग तथा पूर्वाषाढा नक्षत्र में की गई पूजा शुभ फलदायक सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि मंगला गौरी व्रत 4जुलाई, 11जुलाई, 18जुलाई, 25जुलाई, 1अगस्त, 8अगस्त, 15अगस्त, 22अगस्त व 29 को अगस्त रखा जाना शुभ दायक रहेगा।

# जिला प्रशासन से की आवास हेतु जमीन दिलाने की मांग

बागेश्वर(उद संवाददाता)।पहाड़ में गरीबो के उत्थान के लिए सरकार लगातार प्रयासकर रही है पर अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में बसे अधिकतर गरीब वर्ग के लोग पहाड़ी क्षेत्रों में गरीबी की हालत में जैसे तैसे मेहनत मजदूरी कर खाली पड़ी सरकारी बेनाप जमीनों पर बस गए, पर जब परिवार बड़ा गरीबी की हालत में गाँवो में सरकार से मिलने वाले आवास मिलने की आशा जगी, पर सरकारी सुविधा का लाभ मिलने के लिए नाप भूमि के दस्तावेज जमा कराने के लिए सरकारी भूमि होने से कही गरीब तबके के लोग आवास सुविधा से वंचित हो रहे है।सरकार दे रही आवास गौशाला पर बनाए तो कहा पर ऐसे में गरीब सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटते काटते परेशान हो रहे है, सरकार को भी पता पर अधिकारी भी आवश्यक दस्तावेजों के अभाव मे ऐसे में जरूरतमंद गरीबों को लाभ दे भी दे कैसे।ऐसे में कही गरीब लोग आवास और गौशाला निर्माण के लिए जिलाधिकारी से जमीनों की मांग कर रहे हैं।आवास विहीन बीपीएल परिवार के लोगों को भूमि आवंटित करने मांग को लेकर एक बार ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे। दाड़िमखेत के ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। साथ ही जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने विभिन्न मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र के आवास विहीन, भूमिहीन और बीपीएल परिवार के लोगों की प्रशासन सुध नहीं ले रहा है। ये लोग अपना आवास तक नहीं बना पा रहे हैं। उन्हें सरकार की योजनाओं का भी लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने ऐसे परिवार के लोगों को गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट के तहत भूमि आवंटित करने की मांग की है। कहा कि इस मांग को लेकर वह पहले भी प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। इस मौके पर कुंदन राम कोहली, उमेश कोहली, नैन राम, माधो राम, चिंता राम, सुंदर राम, हरीश राम, बाली राम कोहली, बहादुर राम, पुष्कर राम, अमर राम, श्याम राम, गोविंद राम आदि मोजूद रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
40 एवं 30 फीट की सड़कें
4 पार्क
गेट बंद कॉलोनी
सीवेज व्यवस्था
ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर
86504-18000